...... एवं विकास विभाग

संकल्प

दिनांक 5 अक्टूबर, 1988.

विषय:- बिहार राज्य योजना आयोग को विलोपित करते हुए बिहार राज्य योजना पर्षद् को पुनर्जिवित किया जाना ।

बिहार राज्य के योजनाबद्ध विकास हेतु बिहार राज्य योजना पर्षद् का गठन 1972 में किया गया था । पर्षद् के कार्यकलापों की विस्तृत समीक्षा के उपरान्त राज्य सरकार ने योजना एवं विकास विभाग के संकल्प ज्ञापांक 2635 दिनांक 28-9-81 द्वारा राज्य योजना पर्षद् का पुनर्गठन करते हुए उसके उद्देश्य तथा कृत्य एवं कर्त्तव्यों में संशोधन किया था । बाद में योजना एवं विकास विभाग के संकल्प ज्ञापांक 279 दिनांक 6/3/87 द्वारा पूर्व संकल्पों को अवक्रमित करते हुए राज्य योजना आयोग का गठन किया गया था ।

2- राज्य योजना आयोग के कृत्य एवं कर्त्तव्यों की पुनः समीक्षा एवं समुचित विचार के उपरान्त राज्य सरकार ने योजना एवं विकास विभाग के संकल्प ज्ञापांक 279 दिनांक 6/3/87 को तत्कालिक प्रभाव से विलोपित करते हुए पूर्व में राज्य योजना पर्षद् के सम्बन्ध में निर्गत संकल्प ज्ञापांक 2635 दिनांक 28/9/81 (प्रतिलिपि संलग्न) को यथास्थिति पुनर्जिवित करने का निर्णय लिया है ।

आदेश:- आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रतिलिपि महालेखाकार, बिहार, राँची एवं पटना/ योजना आयोग, भारत सरकार, योजना भवन, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली/आयोग के सभी सदस्यों/पर्षद् के सभी सदस्यों/राज्य सरकार के सभी विभागों एवं विभागाध्यक्षों, सभी प्रमंडलीय आयुक्तों एवं जिलाधिकारियों को सूचनार्थ भेजी जाय ।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह०/- एस० के० सिन्हा,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक -3489 / यो०वि०, पटना, दिनांक 5 अक्टूबर, 1988.

प्रतिलिपि- संकल्प ज्ञापांक 2635 दिनांक 28/9/81 की प्रतिलिपि के साथ अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना-7 को राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित ।

2- उनसे अनुरोध है कि इस संकल्प की 250 प्रतियाँ इस विभाग को उपलब्ध करायी जाय ।

ह०/- एस० के० सिन्हा,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक–3489 / यो0वि0, पटना, दिनांक 5 अक्टूबर, 1988.

प्रतिलिपि– संकल्प ज्ञापांक 2635 दिनांक 28/9/81 की प्रतिलिपि के साथ महालेखाकार, बिहार, पटना एवं राँची/योजना आयोग, भारत सरकार, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली/आयोग के सभी सदस्यों/पर्षद् के सभी सदस्यों/राज्य सरकार के सभी विभागों एवं विभागाध्यक्षों/सभी प्रमंडलीय आयुक्तों एवं जिलाधिकारियों को सूचनार्थ प्रेषित ।

ह0/– एस0 के0 सिन्हा,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक 3489 / यो0वि0, पटना, दिनांक 5 अक्टूबर, 1988

प्रतिलिपि– संकल्प ज्ञापांक 2635 दिनांक 28/9/81 की प्रतिलिपि के साथ योजना एवं विकास विभाग तथा राज्य योजना पर्षद् के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों/कोषागार पदाधिकारी, पटना सचिवालय कोषागार को सूचना एवं समुचित कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/– एस0 के0 सिन्हा,
सरकार के संयुक्त सचिव